ब्रहस्पतिवार, 14 मई, 2026

www.tvbharatvarsh.in

E-PAPER

कुल पृष्ठ–08



शानदार प्रदर्शन कर साबित कर दिया है कि क्लास कभी खत्म नहीं होती

Page-04

# tv भारतवर्ष

सच्ची खबर, सीधे आपके लिए

सीएम बनते ही एक्शन मोड में विजय, तमिलनाडु में फिल्मों के मॉर्निंग शो को मंजूरी

Page-05






## आर्थिक संकट के बीच PM मोदी की नई पहल

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी अपने काफिले का आकार घटा दिया है।
- इनमें सबसे अहम फैसला साप्ताहिक 'वाहन निषेध दिवस' लागू करने का है।



वैश्विक आर्थिक अस्थिरता और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के चलते कच्चे तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकारी खर्च और ईंधन खपत को कम करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री ने अपने आधिकारिक काफिले का आकार लगभग 50 प्रतिशत तक घटाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सुरक्षा और प्रशासनिक वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्राथमिकता देने की नीति पर भी जोर दिया गया है।सरकार का मानना है कि इससे न केवल ईंधन की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में भी मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने हाल ही में देशवासियों से भी अपील की थी कि वे अनावश्यक ईंधन खपत को कम करें और ऊर्जा बचत को राष्ट्रीय जिम्मेदारी के रूप में देखें।इस पहल का असर केंद्रीय मंत्रियों पर भी दिखाई देने लगा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी अपने काफिले का आकार घटा दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सरकार यह संदेश देना चाहती है कि आर्थिक चुनौतियों का सामना केवल नीतियों से ही नहीं बल्कि व्यक्तिगत अनुशासन और व्यवहारिक बदलाव से भी किया जा सकता है। विपक्ष इस कदम को प्रतीकात्मक बता रहा है, लेकिन सरकार इसे ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मान रही है। आने वाले समय में कई अन्य मंत्रालयों में भी इसी तरह के निर्देश लागू किए जा सकते हैं। वैश्विक स्तर पर बढ़ती ऊर्जा चुनौतियों और ईंधन संकट के बीच पुष्कर सिंह धामी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में ऊर्जा संरक्षण और ईंधन बचत को लेकर कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इनमें सबसे अहम फैसला साप्ताहिक 'वाहन निषेध दिवस' लागू करने का है।




## सोनिया गांधी मेदांता अस्पताल में भर्ती

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को बुधवार रात गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार उन्हें पेट और यूरिनरी ट्रैक्ट संक्रमण की शिकायत के बाद भर्ती किया गया है। डॉक्टरों की विशेष टीम उनकी निगरानी कर रही है और कई जरूरी जांचें की जा रही हैं।अस्पताल प्रशासन के मुताबिक सोनिया गांधी को मंगलवार देर रात लगभग 10:22 बजे अस्पताल लाया गया था। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। इससे पहले भी मार्च महीने में उन्हें बुखार और सिस्टमिक संक्रमण की शिकायत के कारण दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था।मां की तबीयत खराब होने की सूचना के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपना केरल दौरा रद्द कर दिया। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सोनिया गांधी के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। कांग्रेस अध्यक्ष और कई वरिष्ठ नेताओं ने अस्पताल पहुंचकर उनकी सेहत की जानकारी ली। राजनीतिक हलकों में भी इस खबर के बाद चिंता का माहौल है। पिछले कुछ वर्षों में सोनिया गांधी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण सक्रिय राजनीति में अपेक्षाकृत कम दिखाई दी हैं, लेकिन कांग्रेस संगठन में उनकी भूमिका अब भी बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है।

## प्रतीक यादव का निधन, परिवार और राजनीति में शोक की लहर

समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव का बुधवार को लखनऊ में निधन हो गया। वह लगभग 38 वर्ष के थे। परिवार के करीबी सूत्रों के मुताबिक सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।प्रतीक यादव लंबे समय से सार्वजनिक राजनीति से दूर रहे थे और मुख्य रूप से निजी कारोबार और फिटनेस गतिविधियों से जुड़े हुए थे। कुछ समय पहले भी उनकी तबीयत खराब होने की खबर सामने आई थी, जिसके बाद उनका इलाज चला था। हालांकि उनकी मौत का स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है और परिवार इस मामले में चिकित्सकीय रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है।इस दुखद घटना के बाद यादव परिवार में शोक का माहौल है। अखिलेश यादव ने अस्पताल पहुंचकर भाई को श्रद्धांजलि दी और मीडिया से बातचीत में संकेत दिया कि प्रतीक आर्थिक और कारोबारी तनाव से गुजर रहे थे। उन्होंने कहा कि जीवन में असफलताएं और आर्थिक नुकसान कई बार मानसिक दबाव बढ़ा देते हैं। अखिलेश ने यह भी कहा कि प्रतीक मेहनती और महत्वाकांक्षी व्यक्ति थे, जो अपने दम पर आगे बढ़ना चाहते थे।राजनीतिक गलियारों में भी इस खबर के बाद संवेदनाएं व्यक्त की जा रही हैं। कई दलों के नेताओं ने सोशल मीडिया के जरिए यादव परिवार के प्रति शोक जताया है। फिलहाल परिवार अंतिम संस्कार की तैयारियों में जुटा है और समर्थकों की बड़ी संख्या उनके आवास पहुंच रही है।






## केरल कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद को लेकर घमासान गुटबाजी खुलकर सामने आई

केरल विधानसभा चुनाव में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (UDF) की बड़ी जीत के बाद भी कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद को लेकर विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। पार्टी के भीतर कई वरिष्ठ नेताओं के बीच नेतृत्व की दौड़ ने अब खुली गुटबाजी का रूप ले लिया है। सूत्रों के अनुसार यदि एआईसीसी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल को मुख्यमंत्री बनाया जाता है, तो विपक्ष के निवर्तमान नेता वी.डी. सतीशन कैबिनेट में शामिल होने से इनकार कर सकते हैं।मुख्यमंत्री पद की दौड़ में वेणुगोपाल, सतीशन और वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। कांग्रेस नेतृत्व फिलहाल संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है ताकि चुनावी जीत के बाद सरकार बनने से पहले कोई बड़ा राजनीतिक संकट न खड़ा हो।राजनीतिक जानकारों का कहना है कि केरल कांग्रेस लंबे समय से गुटीय राजनीति से प्रभावित रही है और हर बड़े चुनावी परिणाम के बाद नेतृत्व को लेकर विवाद सामने आता रहा है। हालांकि पार्टी आलाकमान इस बार जल्द निर्णय लेने के दबाव में है क्योंकि नई सरकार के गठन में देरी विपक्ष को हमला करने का मौका दे सकती है।UDF की जीत के बावजूद मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर जारी खींचतान ने यह संकेत दिया है कि कांग्रेस के भीतर आंतरिक एकजुटता अभी भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। आने वाले दिनों में दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व की बैठकों के बाद अंतिम फैसला होने की संभावना है।



हिन्दी जगत महामंच

www.tvbharatvarsh.in

tv भारतवर्ष

सच्ची खबर, सीधे आपके लिए

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक ई-पेपर

प्रदेश का नं. 1 प्रतिष्ठित हिन्दी न्यूज़ ई-पेपर



विज्ञापन दर

| साईज | विजिटिंग कार्ड | क्वाटर पेज | हाफ पेज | फुल पेज (अंदर) | फुल पेज (कवर 2-3) | फुल पेज (कवर 4- अंतिम) | (फ्रंट पेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रेट | ₹ 3000 | ₹ 6000 | ₹ 10,000 | ₹ 20,000 | ₹ 25,000 | ₹ 30,000 | ₹ 100000 |

8601780000

# मोदी की बचत मुहिम का असर

# पीएम से लेकर राज्यों के मुख्यमंत्रियों तक छोटे हुए काफिले

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत और फिजूल खर्च कम करने की अपील का असर अब सरकारों और नेताओं के कामकाज में दिखने लगा है। पीएम मोदी, अमित शाह और कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपने काफिलों में गाड़ियों की संख्या घटाकर सादगी और बचत का संदेश दिया है।यूपी समेत कई राज्यों में वर्चुअल मीटिंग, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, कार पूलिंग और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के निर्देश जारी किए गए हैं।**



**टीवी भारतवर्ष अंतर्राष्ट्रीय**

पीएम मोदी ने कुछ दिन पहले देश के लोगों से बचत के लिए पेट्रोल डीजल का इस्तेमाल कम करने और एक साल तक सोना नहीं खरीदने और विदेश यात्राएं टालने की अपील की थी। अब पीएम मोदी ने खुद इस पर अमल करना शुरू कर दिया है। पीएम मोदी के आदेश के बाद उनके काफिले में गाड़ियों की संख्या में करीब 50 फीसदी तक कटौती की जा रही है। पीएम मोदी ने अपने काफिले में इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल करने पर जोर दिया है लेकिन इसके लिए नई इलेक्ट्रिक गाड़ियों की खरीद नहीं होगी। SPG ने पीएम मोदी के आदेश पर अमल करना शुरू कर दिया है लेकिन प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर SPG प्रोटोकॉल से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। SPG प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए ब्लू बुक में तय मानकों का पालन करेगी। पीएम मोदी ने हैदराबाद की रैली में लोगों से खर्चे में कमी की अपील की थी। इसके बाद उनके वडोदरा और गुवाहाटी दौरे में इसका असर दिखने लगा। इन दोनों जगहों पर मोदी के काफिले में शामिल गाड़ियों की संख्या पहले के मुकाबले काफी कम थी। पीएम मोदी की अपील के बाद गृह मंत्री अमित शाह का काफिला भी छोटा हो गया है। आज शाह के काफिले में आधे से भी कम गाड़ियां नजर आ रही हैं। जब अमित शाह आज अपने आवास से निकले तो कम गाड़ियां दिखीं। पीएम मोदी की नसीहत को बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अमल में लाना शुरू कर दिया है। यूपी के सीएम योगी ने अपने और राज्य के मंत्रियों के काफिले में 50 फीसदी कटौती का आदेश दिया है। योगी ने राज्य के मुख्य सचिव, डीजीपी और सभी विभागों के प्रमुख सचिव के साथ बैठक में आदेश दिया कि काफिले से अनावश्यक वाहनों को हटाया जाए। योगी ने सरकारी बैठक, सेमिनार, कॉन्फ्रेंस और वर्कशॉप वर्चुअली कराने पर जोर दिया। योगी ने कहा कि मंत्री, सांसद और विधायक सप्ताह में एक दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करें। सप्ताह में एक दिन नो व्हीकल डे का आयोजन किया जाए। योगी ने फैसला लिया कि राज्य के बड़े संस्था और स्टार्ट अप्स में सप्ताह में दो दिन वर्क फ्रॉम होम की एडवाइजरी जारी की जाए। योगी ने सार्वजनिक परिवहन, साइक्लिंग, कार पूलिंग और इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिन शहरों में मेट्रो चल रही हैं। वहां लोग इसका अधिक से अधिक इस्तेमाल करें। जिस रुट पर बस की डिमांड है, वहां इनकी सेवाए बढ़ाई जाएं। स्कूल-कॉलेजों में स्कूली बस के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की बात कही। जरूरत पड़ने पर परिवहन निगम की बसों को भी स्कूलों से जोड़ने को कहा। पीएम मोदी के ईंधन बचाने की अपील का बड़ा असर हुआ है। राजस्थान और हरियाणा के सीएम ने भी अपना-अपना काफिला छोटा कर लिया है। दोनों मुख्यमंत्री केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान उनके काफिले में गाड़ियों की संख्या बाकी दिनों से कम दिखी। दिल्ली के मंत्रियों ने भी ईंधन बचाने की मुहिम शुरू कर दी है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने अपने काफिले की गाड़ियां कम कर दी हैं। अब तीन की जगह दो गाड़ियां होंगी।

## चीन ने पाकिस्तान से मध्यस्थता बढ़ाने को कहा

**टीवी भारतवर्ष अंतर्राष्ट्रीय**

चीन ने पाकिस्तान से आग्रह किया है कि वह ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत को बढ़ावा देने के लिए अपने कूटनीतिक मध्यस्थता प्रयासों को तेज़ करे, विशेष रूप से होर्मुज़ जलडमरूमध्य में स्थिरता से जुड़ी अहम चर्चाओं के बीच। चीन के विदेश मंत्री वांग यी, जो कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ चाइना की केंद्रीय समिति के पॉलिटिकल ब्यूरो के सदस्य भी हैं, ने मंगलवार को पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार के साथ फ़ोन पर हुई बातचीत के दौरान यह संदेश दिया। इस बातचीत के दौरान, डार ने वांग को तेहरान और वॉशिंगटन के बीच चर्चा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पाकिस्तान की हालिया कूटनीतिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने चीन के समर्थन के लिए आभार भी व्यक्त किया और कहा कि पाकिस्तान क्षेत्रीय स्थिरता में रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए बीजिंग के साथ अपना समन्वय और मज़बूत करने की उम्मीद करता है। शिन्हुआ के अनुसार, वांग ने चीन के सैद्धांतिक रुख को दोहराया और अमेरिका-ईरान वार्ता को बढ़ावा देने तथा अस्थायी संघर्ष-विराम को आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए पाकिस्तान की सराहना की। उन्होंने आगे यह उम्मीद जताई कि पाकिस्तान अपना आत्मविश्वास बनाए रखेगा और जल्द से जल्द क्षेत्रीय शांति बहाल करने में योगदान देगा, जो कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की भी साझा आकांक्षा है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, वांग ने कहा, चीन पाकिस्तान के मध्यस्थता प्रयासों का समर्थन करना जारी रखेगा और इस दिशा में अपना योगदान भी देगा।




## थिरु रिक्की राधान की नियुक्ति रद्द करने का आदेश

**टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय**



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थलापति विजय के करीबी माने जाने वाले प्रसिद्ध ज्योतिषी और स्पिरिचुअल मेंटर थिरु रिक्की राधान की नियुक्ति को लेकर बड़ा प्रशासनिक फैसला सामने आया है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से राधान पंडित को ऑफिस ऑफ स्पेशल ड्यूटी (OSD) में नियुक्त करने का आदेश जारी किया गया था, लेकिन अब इस आदेश को रद्द कर दिया गया है। राधान पंडित पिछले कुछ समय से तमिलनाडु की राजनीति में काफी चर्चा में हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले ही दावा किया था कि थलापति विजय की पार्टी टीवीके राज्य में बड़ी जीत दर्ज करेगी और सरकार बनाएगी। चुनाव परिणाम आने के बाद उनकी यह भविष्यवाणी सही साबित हुई। तमिलगा वेत्री कझगम (T V K) ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में 108 सीटों पर जीत हासिल कर राजनीतिक हलकों में बड़ा संदेश दिया। चुनाव नतीजे घोषित होने के तुरंत बाद थिरु रिक्की राधान मुख्यमंत्री विजय से मिलने उनके आवास पहुंचे थे। वहां उन्होंने विजय को ऐतिहासिक जीत की बधाई दी। इसके बाद से ही राजनीतिक गलियारों में उनकी भूमिका और प्रभाव को लेकर चर्चाएं तेज हो गई थीं। थिरु रिक्की राधान पिछले चार दशकों से ज्योतिष और आध्यात्मिक मार्गदर्शन के क्षेत्र में सक्रिय हैं। तमिलनाडु में उन्हें एक प्रभावशाली स्पिरिचुअल मेंटर के रूप में देखा जाता है। राजनीतिक नेताओं से लेकर आम लोग तक उनसे सलाह लेते हैं। सोशल मीडिया पर भी राधान पंडित की बड़ी फॉलोइंग है, जहां वह नियमित रूप से ज्योतिष, आध्यात्मिकता और जीवन से जुड़े विषयों पर लोगों को मार्गदर्शन देते रहते हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय में OSD पद पर उनकी नियुक्ति रद्द होने के बाद अब तमिलनाडु की राजनीति में नई बहस शुरु हो गई है।

## अरविंद केजरीवाल ने कहा

## युवाओं को सड़कों पर उतरना होगा

**टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय**



आम आदमी पार्टी ने पेपर लीक होने के बाद नीट की परीक्षा रद्द होने पर केंद्र सरकार और जांच एजेंसियों पर हमला बोला है। नीट पेपर लीक को लेकर बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सबसे ज्यादा पेपर लीक उन्हीं राज्यों में हुए, जहां भाजपा की डबल इंजन सरकार है। अरविंद केजरीवाल ने कहा, ' मैं देश के जेन जी से सीधे बात करने आया हूं। मेरी बात ध्यान से सुनना। 2017, 2021, 2024 में पेपर लीक हुए थे। उस समय सीबीआई को जांच सौंप दी गई। क्या सीबीआई ने कुछ किया? इस बार भी सीबीआई को जांच सौंपी गई है। क्या सीबीआई कुछ करेगी? सीबीआई उन्हीं लोगों को रिपोर्ट करती है जो देश में पेपर लीक करा रहे हैं।' केजरीवाल ने कहा, 'जब से मोदी सरकार आई है तब से कुल 93 पेपर लीक हुए हैं। करीब 6 करोड़ युवाओं का भविष्य इन पेपरों में बंद था। इससे शक तो पैदा होता है। क्या इनके नेता पेपर लीक करा रहे हैं? अगर नेपाल और बांग्लादेश के जेन-जी सरकार बदल सकते है तो क्या हमारे देश के जेन-जी पेपर लीक करने वाले मंत्रियों को जेल नहीं भेज सकता है। अगर पेपर लीक रोकना है तो हमारी जेन जी को आंदोलन करना होगा।' अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'वर्षों से नीट के पेपर लीक हो रहे हैं और हम सिर्फ सिस्टम को कोसकर आगे बढ़ जाते हैं। लेकिन सिस्टम अपने आप नहीं चलता, उसके पीछे लोग बैठे हैं। उन्हें पहचानना होगा, पकड़ना होगा और जेल भेजना होगा। इसके लिए युवाओं को सड़कों पर उतरना होगा।'

## ट्रंप के बेहद करीबी और रिपब्लिकन सेनेटर प्रिंसे ग्राहम ने पाकिस्तान को लगाई फटकार

**टीवी भारतवर्ष अंतर्राष्ट्रीय**




पाकिस्तान का असली चेहरा दुनिया के सामने शांति और मध्यस्था का ढोंग लेकिन पर्दे के पीछे वही पुराना डबल की और पाकिस्तान की इसी दोहरी चाल पर अब अमेरिका में भी सवाल उठने लगे हैं। ट्रंप के बेहद करीबी और रिपब्लिकन सेनेटर प्रिंसे ग्राहम ने पाकिस्तान को ऐसी फटकार लगाई है जिसे वो कभी नहीं भूल पाएगा। दरअसल अमेरिकी संसद में हुई एक सुनवाई के दौरान ग्राहम ने सीधे सवाल किया अगर पाकिस्तान सच में अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता का निष्पक्ष मध्यस्थ है तो फिर ईरानी सैन्य विमानों को अपने एयरबेस पर जगह क्यों दे रहा है? दरअसल रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि ट्रंप द्वारा सीज फायर की घोषणा के बाद ईरान के कुछ सैन्य विमान पाकिस्तान के नूरखान एयरबेस पर उतारे गए थे। इनमें एक RC130 विमान भी शामिल बताया गया जो जासूसी और निगरानी मिशन के लिए इस्तेमाल होता है। ग्राहम ने अमेरिकी रक्षा अधिकारियों से पूछा कि क्या उन्हें इन रिपोर्ट्स की जानकारी है? जिसका जवाब मिला कि एक रिपोर्ट देखी है। लेकिन जैसे ही ग्राहम ने पूछा कि क्या यह सच है? अगर सच है तो क्या पाकिस्तान को निष्पक्ष मध्यस्थ माना जा सकता है? तो वहां बैठे अधिकारी गोलमोल जवाब देने लगे। यही बात ग्राहम को और भड़का गए। गुस्से में ग्राहम ने साफ कहा कि मैं पाकिस्तान पर भरोसा नहीं करता हूं। यानी अमेरिका के बड़े नेताओं के बीच भी अब पाकिस्तान की साख लगभग खत्म होती दिखाई दे रही। इब्राहिम ने आगे कहा कि अगर पाकिस्तान वाकई ईरानी सैन्य विमानों को अपनी जमीन पर छिपा रहा तो अमेरिका को तुरंत किसी और मध्यस्थ की तलाश करनी चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब समझ आता है कि यह पूरी बातचीत आगे क्यों नहीं बढ़ रही। देखिए उन्होंने क्या कुछ कहा। पाकिस्तान पाकिस्तान पार्कियन एयरक्राफ्ट? असल में यह चौंकाने वाला इसलिए भी नहीं है क्योंकि पाकिस्तान का असली चेहरा यही है। एक तरफ दुनिया के सामने शांति का संदेश देना। वहीं दूसरी तरफ आतंकियों और अपने खास साथियों को पर्दे के पीछे मदद करना। कभी अमेरिका से अरबों डॉलर की मदद लेना, कभी चीन के इशारों पर चलना और अब ईरान के साथ खड़े होने का खेल खेल रहा है।



## संपादक की कलम से

लोकतंत्र केवल मतदान तक सीमित व्यवस्था नहीं है। इसकी असली ताकत जनता के उस भरोसे में छिपी होती है कि उसका मत स्वतंत्र, निष्पक्ष और प्रभावी है। जब चुनावों की पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं, तब मामला केवल किसी दल की जीत या हार का नहीं रहता, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता भी बहस के केंद्र में आ जाती है। हाल के दिनों में चुनावी प्रक्रिया को लेकर उठे आरोपों ने इसी चिंता को फिर सामने ला दिया है। यह कहा जा रहा है कि कई बार केवल कुछ सीटों का परिणाम ही नहीं, बल्कि पूरी सत्ता का स्वरूप भी चुनावी प्रक्रियाओं से प्रभावित हो सकता है। मतदाता सूचियों में गड़बड़ी, मतदान के दौरान कथित अनियमितताएं और संस्थागत निष्पक्षता पर उठते सवाल लोकतंत्र के लिए चिंताजनक संकेत हैं। यदि जनता को यह महसूस होने लगे कि उसका मत पूरी ईमानदारी से दर्ज नहीं हो रहा, तो लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव कमजोर पड़ने लगती है। भारतीय लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक प्रयोग माना जाता है। करोड़ों मतदाता हर चुनाव में उत्साह से भाग लेते हैं और इसी भागीदारी से लोकतंत्र को शक्ति मिलती है। लेकिन यही शक्ति तब कमज़ोर होने लगती है जब चुनावी प्रक्रिया को लेकर संदेह पैदा होता है। संदेह चाहे वास्तविक हो या केवल राजनीतिक विवाद का हिस्सा, उसका असर आम नागरिक के मन पर पड़ता है। मतदाता के मन में यदि यह सवाल पैदा हो जाए कि उसका मत सही अर्थों में गिना भी जाएगा या नहीं, तो यह स्थिति किसी भी लोकतंत्र के लिए गंभीर मानी जाएगी।यह भी सच है कि चुनावी हार के बाद आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति कोई नई बात नहीं है। लंबे समय से यह प्रवृत्ति देखी जाती रही है कि जब परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं आते, तो चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठने लगते हैं। लेकिन लोकतंत्र में केवल आरोप पर्याप्त नहीं होते। यदि किसी को चुनावी अनियमितताओं पर संदेह है, तो उसके समर्थन में प्रमाण और तथ्य भी सामने आने चाहिए। बिना ठोस आधार के लगाए गए आरोप केवल राजनीतिक वातावरण को और अधिक अविश्वास से भरते हैं। दूसरी ओर, चुनाव कराने वाली संस्थाओं की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। केवल निष्पक्ष होना पर्याप्त नहीं, बल्कि जनता के सामने निष्पक्ष दिखाई देना भी उतना ही आवश्यक है। मतदाता सूची, मतदान प्रक्रिया, मतगणना और परिणामों की घोषणा तक हर स्तर पर अधिक पारदर्शिता समय की मांग है। यदि कहीं भी शंका की गुंजाइश रह जाती है, तो उसे दूर करने के लिए संस्थाओं को तत्परता से सामने आना चाहिए। लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूंजी जनता का विश्वास है। यह विश्वास टूटने लगे तो चुनाव केवल औपचारिकता बनकर रह जाते हैं। इसलिए आवश्यक है कि राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता को सुरक्षित रखा जाए। लोकतंत्र तभी मजबूत रहेगा जब आम नागरिक को यह भरोसा होगा कि उसका मत किसी भी परिस्थिति में उसकी आवाज़ बनकर सामने आएगा। यही भरोसा लोकतंत्र की असली नींव है और इसकी रक्षा करना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है।

# टीवीके सरकार ने विधानसभा में बहुमत साबित कर दिया

## सरकार को 144 विधायकों का समर्थन मिला

**तमिलनाडु विधानसभा में बुधवार को मुख्यमंत्री विजय के नेतृत्व वाली टीवीके सरकार ने विश्वास मत हासिल कर लिया। 234 सदस्यीय विधानसभा में सरकार के पक्ष में 144 विधायकों ने मतदान किया, जबकि 22 सदस्यों ने विश्वास प्रस्ताव के खिलाफ वोट डाला।**



**टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय**

तमिलनाडु की टीवीके सरकार ने विधानसभा में बहुमत साबित कर दिया है। बुधवार को हुए विश्वास मत में मुख्यमंत्री विजय के नेतृत्व वाली सरकार को 144 विधायकों का समर्थन मिला। 234 सदस्यीय सदन में 22 विधायकों ने सरकार के खिलाफ मतदान किया, जबकि पांच सदस्य वोटिंग में शामिल नहीं हुए। फ्लोर टेस्ट के दौरान कई विपक्षी और सहयोगी दलों ने खुलकर TVK सरकार को समर्थन देने का एलान किया। कांग्रेस ने विधानसभा में विश्वास मत के दौरान विजय सरकार का समर्थन करने की घोषणा की। वहीं सीपीआईएम ने भी सदन में टीवीके सरकार के पक्ष में खड़े होने की बात कही। सीपीआई ने भी टीवीके सरकार को समर्थन देने की घोषणा की। इसके अलावा वीसीके ने भी फ्लोर टेस्ट में विजय सरकार को समर्थन देने का एलान किया। हालांकि समर्थन के साथ वीसीके ने सरकार से एक महत्वपूर्ण मांग भी रखी। पार्टी ने महाराष्ट्र और कर्नाटक की तर्ज पर तमिलनाडु में अंधविश्वास के खिलाफ कानून लाने की अपील की। वीसीके विधायक वन्नी अरसु ने कहा कि धर्मनिरपेक्ष पार्टियों ने सरकार को बिना शर्त समर्थन दिया है और विश्वास व्यक्त किया है कि सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा करेगी। कार्यवाही के दौरान IUML ने टीवीके सरकार को समर्थन देने का एलान किया। सदन में बोलते हुए IUML नेताओं ने कहा कि विजय सरकार की शुरुआती कार्यशैली सकारात्मक संकेत दे रही है। IUML ने विशेष रूप से राज्य में 717 शराब दुकानों को बंद करने के फैसले की सराहना की और इसे TVK सरकार की अच्छी शुरुआत बताया। वहीं, एस कामराज ने भी विधानसभा में विश्वास मत के दौरान विजय सरकार का समर्थन किया। गौरतलब है कि टीवीके को समर्थन देने के कारण उन्हें (AMMK) से निष्कासित कर दिया गया था। डीएमडीके ने 717 शराब की दुकानों को बंद करने के लिए टीवीके सरकार की सराहना की। डीएमडीके ने 'सौदेबाजी' के आरोप का जिक्र किया, विशेष ड्यूटी पर अधिकारी की नियुक्ति पर आपत्ति जताई। हालांकि डीएमके ने प्रस्ताव पर मतदान से पहले ही वॉकआउट कर दिया। डीएमके विधायक थामिमुन अंसारी ने विशेष ड्यूटी अधिकारी की नियुक्ति के मुद्दे पर टीवीके सरकार की आलोचना की। डीएमके के एमएच जवाहरुल्लाह का कहना है कि तमिलनाडु सरकार के कार्यक्रमों में तमिल राष्ट्रगान को सर्वोच्च स्थान मिलना चाहिए। वहीं दूसरी ओर भाजपा का कहना है कि विश्वास मत की कार्यवाही पर उसका रुख 'तटस्थ' है। पीएमके (चार विधायक) की सौम्या अंबुमणि ने कहा कि उनकी पार्टी विश्वास मत पर मतदान से दूर रहेगी। एआईएडीएमके विधायक एडप्पादी के पलानीस्वामी का कहना है कि हम टीवीके सरकार के खिलाफ वोट करेंगे। इसके अलावा, एआईएडीएमके के विधायकों के एक वर्ग, जिनमें से लगभग 30 विधायक वरिष्ठ नेता एसपी वेलुमणि और सीवे शनमुगम के नेतृत्व में हैं और पार्टी प्रमुख एडप्पाडी के पलानीस्वामी के विरोधी हैं, ने सरकार को समर्थन देने की घोषणा की है।

# शुभेन्दु अधिकारी ने बड़ा ऐलान किया, नंदीग्राम सीट को छोड़ेंगे

**टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय**

पश्चिम बंगाल में सीएम पद की शपथ लेने के बाद शुभेन्दु अधिकारी ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि वे नंदीग्राम सीट को छोड़ेंगे। दरअसल, विधानसभा चुनाव में शुभेन्दु ने दो सीटों (नंदीग्राम और भवानीपुर) से चुनाव लड़ा था और दोनों ही सीटों पर जीत दर्ज की थी। दरअसल, भवानीपुर से उन्होंने ममता बनर्जी को हराया था। शुभेन्दु अधिकारी द्वारा नंदीग्राम सीट छोड़ने के फैसले के बाद अब इस सीट पर उपचुनाव होगा। नियमों के अनुसार यदि कोई प्रत्याशी दो सीटों पर जीत दर्ज करता हैं तो उसे एक सीट छोड़नी होती है और उस सीट पर उपचुनाव होंगे। बता दें कि शुभेन्दु अधिकारी ने दोनों विधानसभा सीट से जीतने के बाद 6 मई को कहा था कि 10 दिनों के अंदर दोनों में से एक सीट खाली कर देंगे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि इसका फैसला पार्टी नेतृत्व करेगा। नंदीग्राम विधानसभा सीट पर 2026 के चुनाव में एक बार फिर बीजेपी नेता शुभेन्दु अधिकारी ने जीत दर्ज की। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार पवित्र कर को करीब 9,665 वोटों के अंतर से हराया। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, शुभेन्दु अधिकारी को 127301 वोट मिले, जबकि टीएमसी उम्मीदवार को लगभग 117636 लाख वोट प्राप्त हुए। बंगाल विधानसभा में बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



हुआ। सभी नए विधायकों ने पद और गोपनियता की शपथ ली। इस दौरान जरूरी औपचारिकताएं पूरी की गई और पूरे सदन में राजनीतिक उत्साह का माहौल देखने को मिला। 2021 विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम से शुभेन्दु अधिकारी ने ममता बनर्जी को हराया था। चुनाव आयोग के अनुसार शुभेन्दु अधिकारी ने लगभग 1,956 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। नंदीग्राम की यह सीट पूरे देश में चर्चा का केंद्र बनी रही, क्योंकि यह मुकाबला बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई माना गया। विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 207 सीटों पर जीत दर्ज की। वहीं, ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (AITC) को 80 सीटें मिलीं। कांग्रेस और AJUP ने 2-2 सीटों पर जीत हासिल की। इसके अलावा कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) CPI(M) को 1 सीट मिली।


# एन रंगासामी ने बुधवार को नितिन नबीन की उपस्थिति में पुडुचेरी के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली

**टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय**

ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) के नेता एन रंगासामी ने बुधवार को पुडुचेरी के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। पुडुचेरी के उपराज्यपाल के कैलाशनाथन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की उपस्थिति में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस समारोह के दौरान भाजपा नेता ए. नमस्सिवयम ने भी पुडुचेरी सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। इसके बाद मुख्यमंत्री रंगासामी ने मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और नवगठित राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार की प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जन कल्याण के लिए सभी आवश्यक योजनाओं को और भी प्रभावी ढंग से लागू करना हमारी सरकार का कर्तव्य है। हम निश्चित रूप से इस जिम्मेदारी को उत्कृष्टता के साथ निभाएंगे।" उन्होंने यह भी कहा, "हम अपने पुडुचेरी को शायद सिंगापुर की तरह विकसित करने जा रहे हैं। शपथ ग्रहण करने के बाद भाजपा नेता ए नमस्सिवयम ने एएनआई को बताया कि हम जनता की सेवा में हैं। सभी योजनाएं जारी रहेंगी और हम नई योजनाएं भी शुरू कर रहे हैं। हम पुडुचेरी का बेहतरीन विकास करेंगे। आने वाले




दिनों में अगर और मंत्री शपथ लेंगे तो इस बारे में हम अपने नेताओं से चर्चा करेंगे। मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले एआईएनआरसी नेता मल्लाडी कृष्णा राव ने कहा कि मैं चौथी बार कार्यभार संभाल रहा हूं। विभागों का आवंटन इस सप्ताह या अगले सप्ताह किया जाएगा। भारत सरकार कई योजनाओं में हमारा समर्थन करती है। इससे सुविधाओं और पर्यटन में स्वतः सुधार होता है... और विधायक शपथ लेंगे या नहीं, यह मुख्यमंत्री का विषय है। मैं बहुत खुश हूं। 4 मई को घोषित पुडुचेरी विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद शपथ ग्रहण समारोह हुआ। एनडीए ने पुडुचेरी में सत्ता बरकरार रखी, जहां एनआर कांग्रेस ने 30 सदस्यीय विधानसभा में 12 सीटें और भाजपा ने चार सीटें जीतीं। एआईएडीएमके को एक सीट मिली। वहीं, डीएमके ने पांच सीटें और कांग्रेस ने एक सीट जीती। तमिलनाडु स्थित पार्टी टीवीके, जिसने इस क्षेत्र में पहली बार चुनाव लड़ा, ने दो सीटें जीतीं।

# केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया

सीबीएसई बोर्ड ने 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है, जिसमें इस बार कुल 85 से अधिक छात्र-छात्राएं सफल रहे हैं। इस बार के परिणाम में पिछले वर्ष की तुलना में पास प्रतिशत में 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। 2026 में लड़कियों का पास प्रतिशत 88.86% रहा, जबकि लड़कों का 82.13% दर्ज किया गया। ट्रांसजेंडर छात्रों ने लगातार 100% परिणाम के साथ शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। कुल मिलाकर, लड़कियों ने लड़कों से 6.73% बेहतर प्रदर्शन किया है। 2026 में पास प्रतिशत घटकर 85.20% रह गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में -3.19% का अंतर दर्शाता है। इसका मतलब है कि उम्मीदवारों की संख्या बढ़ने के बावजूद सफलता दर में गिरावट आई है, जिससे प्रतियोगिता अधिक कठिन होती दिखाई दे रही है। CBSE 12वीं परीक्षा 2026 में संस्थानों के प्रदर्शन की बात करें तो सबसे बेहतर परिणाम केवी (केंद्रीय विद्यालय) का रहा, जहां पास प्रतिशत 98.55% दर्ज किया गया। इसके बाद जेएनवी (जवाहर नवोदय विद्यालय) 98.47% के साथ दूसरे स्थान पर रहा। सरकारी स्कूलों का पास प्रतिशत 89.55% रहा, जबकि सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों में यह 86.07% दर्ज किया गया। वहीं, ईएमआरएस स्कूलों का पास प्रतिशत 85.55% और स्वतंत्र (प्राइवेट) स्कूलों का 84.22% रहा।

ऐसे देखें रिजल्ट




सबसे पहले बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट c b s e . g o v . i n या results.cbse.nic.in पर जाएं।

होमपेज पर दिए गए 'CBSE 12th Result 2026' लिंक पर क्लिक करें।

अब अपना रोल नंबर, स्कूल नंबर, एडमिट कार्ड आईडी और जन्म तिथि (DOB) दर्ज करें।

सभी जानकारी भरने के बाद 'Submit' बटन पर क्लिक करें।

आपका CBSE 12वीं रिजल्ट स्क्रीन पर दिखाई देगा।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने कक्षा 12वीं का रिजल्ट 2026 आधिकारिक रूप से जारी कर दिया है। लंबे समय से इंतजार कर रहे लाखों छात्रों का इंतजार अब खत्म हो गया है। छात्र अब अपना स्कोरकार्ड आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in और डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे कि DigiLocker और UMANG पर जाकर चेक और डाउनलोड कर सकते हैं। लिंगवार परिणाम के अनुसार, सभी विषयों में लड़कियों ने लड़कों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। 2026 में लड़कियों का पास प्रतिशत 88.86% रहा, जबकि लड़कों का 82.13% दर्ज किया गया।

सीबीएसई के अनुसार 12वीं में पास होने के लिए हर विषय में कम से कम 33% अंक जरूरी होते हैं। ग्रेडिंग सिस्टम में A से D तक पास माना जाता है, जबकि E ग्रेड का मतलब फेल होता है। इसलिए सभी विषयों में E से ऊपर ग्रेड होना जरूरी है, नहीं तो छात्र को कम्पार्टमेंट या दोबारा परीक्षा देनी पड़ती है।

## नीरज चोपड़ा का रोम डायमंड लीग से बाहर होना लगभग तय

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा के रोम में होने वाली डायमंड लीग प्रतियोगिता में भाग न ले पाने की संभावना बहुत अधिक है, क्योंकि वे अभी भी पीठ की चोट से उबर रहे हैं। इटली में 4 जून को होने वाली प्रतियोगिता के लिए जारी प्रविष्टि सूची में 2021 के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता का नाम नहीं है, जो पिछले साल विश्व चैंपियनशिप के दौरान फिटनेस संबंधी समस्याओं से जूझने के बाद वर्तमान में तुर्की में पुनर्वास करा रहे हैं। दूसरी ओर, सचिन यादव अगले महीने रोम में डायमंड लीग में अपना पदार्पण करेंगे। 21 वर्षीय खिलाड़ी टोक्यो में 2025 विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद रोम पहुंचे हैं। खेल के कुछ बड़े नामों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए, यादव ने 86.27 मीटर का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया और चौथा स्थान हासिल किया। यह उनके उदय का एक महत्वपूर्ण क्षण था, खासकर इसलिए क्योंकि उन्होंने चोपड़ा से आगे स्थान प्राप्त किया, जो पूरी प्रतियोगिता के दौरान पीठ की समस्या से जूझते रहे। इस प्रतियोगिता में डायमंड लीग के मौजूदा चैंपियन याकूब वाडलेज और जर्मनी के जूलियन वेबर शामिल हैं, जो हाल के वर्षों में सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले थ्रोअर्स में से एक हैं। पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स भी इस लाइनअप का हिस्सा हैं, जो अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म को फिर से हासिल करने के लिए प्रयासरत हैं। श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिराज इस सीजन की शुरुआत में 89.37 मीटर का थ्रो दर्ज करने के बाद मौजूदा विश्व लीडर के रूप में इस इवेंट में प्रवेश कर रहे हैं। ओलंपिक चैंपियन थॉमस रोहलर, अमेरिकी एथलीट कर्टिस थॉम्पसन और पोलैंड के डेविड वेगनर इस प्रतियोगिता के लिए घोषित आठ खिलाड़ियों की सूची को पूरा करते हैं। गौरतलब है कि केशॉर्न वालकॉट रोम प्रतियोगिता की एंट्री लिस्ट में शामिल नहीं हैं।



## 12 जून से आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप का आगाज

## साक्षी मलिक विनेश फोगाट के समर्थन में अनुमति देने का अनुरोध किया



भारतीय ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने मंगलवार को साथी पहलवान विनेश फोगाट के समर्थन में आकर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआइ) और सरकार से आग्रह किया कि तीन बार की ओलंपियन को गोंडा में सीनियर ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट 2026 के ट्रायल में भाग लेने और अपनी वापसी की कोशिश जारी रखने की अनुमति दी जाए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में साक्षी ने कहा कि नियम ऐसे होने चाहिए जो महिला खिलाड़ियों को मातृत्व के बाद प्रतिस्पर्धी खेलों में वापसी के लिए प्रोत्साहित करें, न कि उनके खिलाफ बाधाएं खड़ी करें। साक्षी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से मीडिया विनेश के ट्रायल्स पर मेरी राय जानना चाहता है। मैं पिछले दो-तीन दिनों से इस बारे में सोच रही हूं क्योंकि विनेश एक पार्टी की सदस्य हैं और मेरा किसी भी पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं ऐसे कई उदाहरण दे सकती हूं जहां अन्य देशों के खेल संघ अपने खिलाड़ियों के लिए नियम आसान बनाते हैं ताकि मां बनने के बाद भी महिलाएं देश के लिए खेल सकें और पदक जीत सकें। जबकि हमारा संघ ऐसे नियम दो दिन पहले लागू करता है, ताकि विनेश वापसी न कर सकें। रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ने सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और डब्ल्यूएफआई से विनेश को ट्रायल्स में भाग लेने की अनुमति देने की अपील की। साक्षी ने कहा कि मैं माननीय प्रधानमंत्री, माननीय खेल मंत्री और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआइ) से विनेश का ट्रायल लेने का अनुरोध करती हूं।

## पाकिस्तान क्रिकेट टीम की हालत खराब
## साल 2023 के बाद से कोई मैच नहीं जीत पाई


पाकिस्तान क्रिकेट टीम की हालत खराब है। वैसे तो टीम कहीं भी नहीं जीत पा रही है, लेकिन घर के बाहर तो हाल और भी बुरा है। टीम बड़ी उम्मीदों और इरादों के साथ बांग्लादेश के दौरे पर पहुंची थी, लेकिन पहले ही मैच में बांग्लादेश ने जिस तरह की पटकनी दी है, उसे पाकिस्तान आने वाले कई साल तक याद रखेगा। साल 2023 के बाद से लेकर अब तक पाकिस्तान ने घर के बाहर कोई भी टेस्ट मैच नहीं जीता है। जो अपने आप में उल्लेखनीय बात है। बांग्लादेश ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेले गए पहले टेस्ट में 104 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया है। इससे डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में भी पाकिस्तान को नुकसान उठाना पड़ा है। भारतीय टीम को बिना मैच खेले ही फायदा मिल गया है। इस बीच बांग्लादेश को फायदा मिला है। अब आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में भी पाकिस्तानी टीम को नुकसान हो सकता है। इस बीच आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पाकिस्तान ने



इससे पहले अपना आखिरी टेस्ट साल 2023 में जीता थी, तब पाकिस्तान ने श्रीलंका को उसी की जमीन पर हराया था। ये मैच कोलंबो में खेला गया था। इसके बाद से टीम घर के बाहर कोई मैच नहीं जीत पाई है। खास बात ये है कि बाकी टेस्ट खेलने वाले देशों ने इस दौरान कम से कम एक टेस्ट तो घर के बाहर जीता ही है, लेकिन पाकिस्तान ऐसा नहीं कर पाया है।

## शानदार प्रदर्शन कर साबित कर दिया है कि क्लास कभी खत्म नहीं होती

कभी भारतीय क्रिकेट की नई गेंद का सबसे भरोसेमंद नाम रहे भुवनेश्वर कुमार को जब टीम इंडिया से बाहर किया गया, तब बहुतों को लगा कि अब उनकी कहानी खत्म हो चुकी है। उम्र बढ़ रही थी, चोटें पीछा कर चुकी थीं, और क्रिकेट नई पीढ़ी की तरफ बढ़ चुका था। लेकिन भुवनेश्वर उन खिलाड़ियों में नहीं थे जो शोर मचाते हैं। उन्होंने जवाब देने के लिए शब्द नहीं चुने... उन्होंने गेंद चुनी। आज 36 साल की उम्र में वह आईपीएल 2026 में फिर चमक रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलते हुए भुवनेश्वर कुमार इस सीजन 21 विकेट लेकर पर्पल कैप अपने नाम किए हुए हैं। यह चौथा मौका है जब उन्होंने IPL में 20 से ज्यादा विकेट लिए हैं। वह आईपीएल इतिहास में 200 विकेट पूरे करने वाले पहले तेज गेंदबाज भी बन चुके हैं। डेथ ओवरों में उनकी इकॉनमी 7.8 है, जो इस सीजन सर्वश्रेष्ठ मानी जा रही है। पावरप्ले में उनके 12 विकेट भी दिखाते हैं कि नई गेंद से वह आज भी उतने ही खतरनाक हैं। टीम इंडिया से बाहर होना किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे कठिन दौर होता है। लेकिन भुवनेश्वर ने इसे अलग नजरिए से देखा। उन्होंने कहा, 'स्वीकार करना मुश्किल होता है, लेकिन जब आप उससे शांति बना लेते हैं, तब आप अलग तरह से सोचते हैं। जिस दिन मुझे भारतीय टीम से बाहर किया गया, उस दिन भी मैं शांत था। मैं एक दशक तक वहां रहा था, सब कुछ देख चुका था। इसलिए खुद को चीजों से अलग करना आसान हो गया।' यह बयान बताता है कि महान खिलाड़ी सिर्फ खेल से नहीं, सोच से भी बड़े होते हैं। भुवनेश्वर का कहना है कि अब उनका पूरा फोकस फिटनेस और निरंतरता पर है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर को ज्यादा देखभाल चाहिए, इसलिए उन्होंने अपने क्रिकेट कैलेंडर को सीमित रखा है। उन्होंने कहा, 'जब आप थके हों और जाने का मन न करे, फिर भी जाना पड़े... वही अनुशासन है। जब आप इसे बार-बार करते हैं, तो वही निरंतरता भूख पैदा करती है।



### डैशकैम में कैद हुई लापरवाही

# खुले मैनहोल ने ली महिला की 'परीक्षा'



पंजाब के फरीदकोट जिले के कोटकपूरा इलाके में एक महिला स्कूटी सवार का हादसा डैशकैम में कैद हो गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और खराब इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर बहस छेड़ दी है. मामले के अनुसार, महिला अपनी एक्टिवा स्कूटी पर जा रही थी, तभी अचानक स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर गई. जानकारी के मुताबिक, स्कूटी तेज रफ्तार में थी और रास्ते में सीवरेज का ढक्कन उभरा हुआ था. स्कूटी उससे टकराई और महिला सड़क पर गिर गई. आसपास मौजूद लोगों ने उसे उठाकर अस्पताल पहुंचाया. बताया जा रहा है कि इस हादसे में महिला को गंभीर चोटें आई हैं.

### 42 डिग्री की धूप और छोटे बच्चे का वादा

# 'PM बनूंगा तो स्कूल बंद कर दूंगा'

भीषण गर्मी का असर इस समय पूरे देश में देखने को मिल रहा है. कई शहरों में तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है, जिससे आम लोगों का घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है.

ऐसे मौसम में जहां बड़े लोग खुद को बचाने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं, वहीं छोटे-छोटे बच्चे रोज स्कूल जाने को मजबूर हैं. इसी बीच सोशल मीडिया पर एक स्कूली बच्चे का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने अपनी मासूम बातों से सभी का ध्यान खींच लिया है और लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है. इस वायरल वीडियो में एक बच्चा, जो स्कूल यूनिफॉर्म में नजर आ रहा है, तेज धूप और गर्मी से



इस वीडियो ने लोगों को हंसाने के साथ-साथ बच्चों की सुरक्षा और स्कूल टाइमिंग को लेकर नई बहस भी छेड़ दी है. ( Photo: X/@@rose_k01)

परेशान होकर अपनी बात रखता है. उसके चेहरे पर पसीना साफ दिखाई दे रहा है और आवाज में थकान भी झलक रही है. बच्चा कैमरे के सामने कहता है कि 42 डिग्री की इस चिलचिलाती धूप में बच्चे रोज स्कूल जाते हैं, जिससे उनकी तबीयत खराब हो सकती है. वह अपील करता है कि बच्चों पर थोड़ी दया की जाए और इतनी गर्मी में स्कूल जाने से राहत दी जाए.

बच्चे की बातों में न तो कोई बनावट है और न ही कोई दिखावा, बल्कि एक सच्ची परेशानी है, जिसे वह बेहद सरल शब्दों में सामने रखता है. यही वजह है कि यह वीडियो लोगों के दिल को छू रहा है. बच्चे की मासूमियत और ईमानदारी साफ दिखती है. वीडियो का सबसे दिलचस्प और थोड़ा मजेदार हिस्सा तब आता है, जब बच्चा भविष्य को लेकर अपनी योजना बताता है. वह कहता है कि जब वह बड़ा होकर प्रधानमंत्री बनेगा, तो गर्मियों में स्कूल जाना पूरी तरह बंद कर देगा.

### इथियोपिया के टीनएजर का तहलका, इंस्टाग्राम ने खुद किया फीचर

# रीसायकल फैशन किंग बना शख्स

**कंपनी की सोशल मीडिया पर इन दिनों फैशन फिट चेक का ट्रेंड काफी बढ़ गया है. ऐसे में इथियोपिया के एक लड़के ने भी ऐसे वीडियो बनाना शुरू किया. देखते ही देखते उसके लाखों फॉलोअर्स बन गए और उसके एक-एक वीडियों को करोड़ों बार देखा जा रहा है.**



कबाड़ को हाई फैशन डिजाइनर कॉस्ट्यूम में बदल देता है ये लड़का (Photo - Instagram)

इन दिनों इंटरनेट पर एक लड़का धूम मचा रहा है. उसके एक-एक वीडियो पर करोड़ों व्यूज आ रहे हैं. वह सिर्फ 'फैशन फिट चेक' वीडियो बनाता है.

इसमें वह बेकार चीजों को फैशनेबल आउटफीट्स के रूप डिजाइन कर देता है. कुछ ही महीनों में उसके करीबन 2 मिलियन फॉलोअर्स हो चुके हैं. अपने वीडियो से भी ज्यादा यह लड़का इस बात के लिए चर्चा में है कि खुद उसे इंस्टाग्राम ने अपने अकाउंट पर फीचर करने का मैसेज भेजा है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इथियोपिया के अदीस अबाबा का रहने वाला लड़का सोशल मीडिया पर अभी सबसे चर्चित फैशन क्रिएटर बना हुआ है. इंस्टाग्राम ने खुद इसे अपने अकाउंट पर फीचर करने के लिए मैसेज भेजा है. इंस्टाग्राम पर इसका @kalu-putics नाम से अकाउंट है. यह टीनएजर फैशन क्रिएटर बेकार चीजों को हाई-फैशन रनवे लुक्स में बदल देता है. प्लास्टिक बैग, टायर और कार्डबोर्ड जैसी रोजमर्रा की चीजों को दोबारा इस्तेमाल करने लायक बनाकर यह उन्हें अनोखे और आधुनिक डिजाइन के आउटफिट्स में बदल देने की वजह से वायरल हो रहा है. उसने सिर्फ 21 वीडियो की मदद से, महज एक महीने में करीबन 19 लाख फॉलोअर्स बना लिए हैं. इनमें से कुछ वीडियो को तो करोड़ों बार देखा गया है.

### फैशन क्रिएटर ने बटोरी सुर्खियां

**इस शख्स के फीट चेक वीडियो की देखा-देखी अन्य लोग भी ऐसे ही वीडियो बनाते दिखाई दे रहे हैं. उसकी नकल करके बनाए गए काफी वीडियो वायरल हो रहे हैं. इन सबके बीच चर्चा बस इथियोपिया के इस फैशन क्रिएटर की हो रही है. जब से इंस्टाग्राम ने इसके वीडियो पर कमेंट किया है और सीधे मैसेज (DM) करने को कहा है. तब से इसकी और ज्यादा चर्चा हो रही है.**




### शख्स ने लाइन क्रॉस की तो लड़की ने सिखाया सबक

इंडियन प्रीमियर लीग के एक मुकाबले के दौरान हुई एक घटना ने सोशल मीडिया पर बड़ी बहस छेड़ दी है. CSK के एक फैन ने GT की चीयरलीडर को लेकर ऐसी टिप्पणी की, जिसे लोगों ने. हालांकि, चीयरलीडर ने जिस अंदाज़ में जवाब दिया, उसने पूरा माहौल ही बदल दिया. वीडियो में देखा जा सकता है कि फैन बैरिकेड के पास जाकर चीयरलीडर से कहता है कि तुम एंजेल जैसी लगती हो, लेकिन बिना ज्यादा मेकअप के और भी अच्छी लगोगी.


# सीएम बनते ही एक्शन मोड में विजय, तमिलनाडु में फिल्मों के मॉर्निंग शो को मंजूरी, तृषा-सूर्या की फिल्म को बड़ा फायदा

थलपति विजय सदन में बहुमत साबित कर चुके हैं। बुधवार को विजय ने सदन में बहुमत साबित किया और वो भी 144 विधायकों के वोटों के साथ। इससे पहले रविवार, 10 मई को उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। विजय को मुख्यमंत्री बने 2 ही दिन हुए हैं और उन्होंने अभी से तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। पहले तो विजय ने राज्य में 717 शराब की दुकानों को बंद करने का आदेश दिया, जिसकी हर तरफ तारीफ हुई तो वहीं अब उन्होंने एक और फैसला दिया है, जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है। विजय ने तृषा कृष्णन की फिल्म 'करप्पू' की स्पेशल स्क्रीनिंग की परमिशन दे दी है। विजय ने ये फैसला तमिल फिल्म इंडस्ट्री के पक्ष में लिया है, जिसका फायदा तृषा कृष्णन की फिल्म को भी मिल रहा है। तृषा कृष्णन की अपकमिंग फिल्म 'करप्पू' के निर्माताओं ने विजय के इस फैसले को लेकर एक पोस्ट भी साझा किया है। ये फिल्म 14 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, लेकिन इससे पहले मेकर्स को 'करप्पू' के सुबह 9 बजे के शो की स्पेशल स्क्रीनिंग की अनुमति मिल गई है। फिल्म में तृषा कृष्णन और सूर्या लीड रोल में हैं। विजय के इस फैसले के बाद मेकर्स ने मुख्यमंत्री विजय को धन्यवाद दिया है। 'करप्पू' के प्रोडक्शन हाउस ने X (पूर्व में ट्विटर) पर विजय के इस फैसले को लेकर उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए एक नोट साझा किया। प्रोडक्शन हाउस ने करप्पू की टीम के संदेश के साथ मुख्यमंत्री की एक तस्वीर भी पोस्ट की। जिसमें लिखा, "माननीय मुख्यमंत्री श्री जोसेफ विजय को करप्पू के सुबह 9 बजे के शो के लिए विशेष अनुमति देने के लिए विशेष धन्यवाद। करप्पू - FDFS 14 मई से सुबह 9 बजे शुरू हो रहा है। साईं अभयंकर का संगीत।" इससे पहले सूर्या ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए विजय को बधाई दी थी। उन्होंने लिखा, "जनता का प्यार और समर्थन पाना एक आशीर्वाद है। तमिलनाडु को मेरे मित्र विजय पर पूरा भरोसा है। तमिलनाडु की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू करने जा रहे विजय को मेरी हार्दिक बधाई।" 10 मई को विजय ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, जिसके बाद से ही फिल्म जगत से उन्हें ढेरों शुभकामनाएं मिल रही हैं। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने वाली तृषा कृष्णन भी इस कार्यक्रम में मौजूद हस्तियों में से एक थीं। समारोह के कई वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए, खासकर वे पल जिनमें तृषा विजय के परिवार के साथ गर्मजोशी से बातचीत करती नजर आईं। वहीं एक वायरल वीडियो में शपथ ग्रहण के बाद विजय के भाषण के दौरान तृषा इमोशनल नजर आईं थीं।



# CBSE 12वीं का रिजल्ट जारी, लखनऊ की अदिति मिश्रा ने हासिल किए 99.2% अंक

**मुलायम सिंह यादव के बेटे प्रतीक यादव और अपर्णा यादव का रिश्ता प्रेम विवाह से लेकर सोशल मीडिया विवाद तक लगातार सुर्खियों में रहा।जनवरी में प्रतीक की तलाक संबंधी पोस्ट ने राजनीतिक और सामाजिक गलियारों में काफी चर्चा बटोरी थी, हालांकि बाद में परिवार में**



आदीश दीक्षित 99.2% | अनुष्का 99% | आंचल भारद्वाज 98.8% | अरूल श्रीवास्तव 98.6%

**टीवी भारतवर्ष लखनऊ**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई ) ने 12वीं का परिणाम आज बुधवार को जारी कर दिया है। विद्यार्थी अपना परिणाम आधिकारिक वेबसाइटों cbseresults.nic.in, cbse.gov.in पर रोल नंबर, स्कूल नंबर और एडमिट कार्ड आईडी का उपयोग करके देख सकते हैं। लखनऊ जोन का इस बार 82.1% परिणाम रहा है।

लखनऊ से आरलबी स्कूल की छात्र अदिति मिश्रा को 99.2 प्रतिशत अंक मिले हैं। अदिति ने इस साल नीट की परीक्षा दी है। पेपर लीक होने से उन्हें निराशा है। आदिति ने बताया कि वह आगे और मेहनत करेंगी। उनका सपना डॉक्टर बनना है। अलीगंज निवासी अदिति ने बताया कि उनके पिता विवेक मिश्रा और मां कुमकुम मिश्रा का सपना है कि मैं डक्टर बनूं। वहीं एश्वर्या पांडेय को 99 प्रतिशत अंक मिले हैं। एश्वर्या का सपना आईएएस बनना है। एश्वर्या ने बताया कि आरएलबी विकास नगर शाखा की छात्रा हैं। जानकीपुरम में वह रहती हैं। उनके पिता अभयशंकर पांडेय चोला मंडलम बैंक में कार्यरत हैं। मां अंजू पांडेय गृहिणी हैं। सीबीएसई के अनुसार 12वीं में पास होने के लिए हर विषय में कम से कम 33% अंक जरूरी होते हैं। ग्रेडिंग सिस्टम में A से D तक पास माना जाता है, जबकि E ग्रेड का मतलब फेल होता है। इसलिए सभी विषयों में E से ऊपर ग्रेड होना जरूरी है, नहीं तो छात्र को कम्पार्टमेंट या दोबारा परीक्षा देनी पड़ती है। 2026 में लड़कियों का पास प्रतिशत 88.86% रहा, जबकि लड़कों का 82.13% दर्ज किया गया। ट्रांसजेंडर छात्रों ने लगातार 100% परिणाम के साथ शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। कुल मिलाकर, लड़कियों ने लड़कों से 6.73% बेहतर प्रदर्शन किया है। सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं की कोई आधिकारिक टॉपर्स लिस्ट जारी नहीं करता है। कोविड-19 महामारी के बाद इस प्रक्रिया को बंद कर दिया गया था और अब तक इसे दोबारा शुरू नहीं किया गया है। पहली बार, सीबीएसई ने कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली को पूरी तरह से लागू किया है। इस डिजिटल मूल्यांकन योजना के तहत, कक्षा 11 और 12 के शिक्षकों ने भौतिक प्रतियों के बजाय ऑनलाइन उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया।

उमंग एप पर सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट कैसे देखें?

- छात्र UMANG एप्लिकेशन का उपयोग करके सीबीएसई कक्षा 12वीं का परिणाम घोषित होने के बाद देख सकते हैं।
- अपने मोबाइल डिवाइस पर UMANG एप्लिकेशन खोलें।
- होमपेज से CBSE सेवाओं का चयन करें।
- रोल नंबर, स्कूल नंबर और एडमिट कार्ड आईडी दर्ज करें।
- स्कोरकार्ड देखने के लिए क्रेडेंशियल सबमिट करें।

## लकड़ी के फट्टे से सिर पर मारकर हत्या

**टीवी भारतवर्ष लखनऊ**

लखनऊ में एक युवक की हत्या कर दी गई। उसका शव मंगलवार सुबह पार्क में मिला। उसके सिर और चेहरे पर चोट के निशान हैं। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। भंडारे में प्रसाद खाने जाने को लेकर विवाद में हत्या हुई है। पुलिस ने आरोपी हिरासत में ले लिया है। घटना बाजार खाला थाना क्षेत्र के अग्रसेन पार्क में हुई। इंस्पेक्टर बाजार खाला बृजेश सिंह ने बताया मृतक की पहचान पांडे का तालाब बगिया निवासी देवेंद्र कुमार (43) के रूप में हुई है। आरोपी पिंटू पुत्र रामदुलारे निवासी मोतीझील बाजारखाला को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। उसने हत्या करने की बात कबूल की है। इंस्पेक्टर बाजार खाला बृजेश सिंह ने बताया पार्क के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, तो उसमें दो युवक पार्क के अंदर जाते दिखाई दिए। फुटेज में कुछ देर बाद उनमें से एक युवक डंडा लेकर दोबारा पार्क में जाता नजर आया। इसके थोड़ी देर बाद वही युवक तेजी से पार्क से बाहर निकलता दिखाई दिया। उसे संदिग्ध मानते हुए उसकी पहचान पिंटू पुत्र रामदुलारे निवासी मोतीझील बाजारखाला के रूप में की गई। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने हत्या करने की बात कबूल की। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि दोनों साथ में मजूदरी करते थे। साथ में ही खाते पीते थे। दोनों नशा करने के बाद पार्क में जाकर बैठे थे। जहां भंडारे में चलकर खाने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। तभी देवेंद्र ने पिंटू से हाथापाई की। इसी गुस्से में पिंटू ने देवेंद्र की लकड़ी के फट्टे से मारकर हत्या कर दी। मृतक की मां रामकली की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## दुग्ध मंडी को हटाने पहुंचे अधिकारियों को भारी विरोध का सामना करना पड़ा

**टीवी भारतवर्ष लखनऊ**



लखनऊ के सैरपुर इलाके में छठा मील चौराहे के पास स्थित एक पुरानी दुग्ध मंडी को हटाने मंगलवार को पहुंचे अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यापारियों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। टीन शेड हटाने की कोशिश के दौरान बड़ी संख्या में दुग्ध व्यापारी मौके पर जमा हो गए, जिसके बाद टीम को वापस लौटना पड़ा। मंगलवार सुबह कुछ लोग मंडी परिसर में लगे टीन शेड को हटाने पहुंचे थे। इसकी सूचना मिलते ही दुग्ध व्यापारी साइकिलों से मौके पर पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। विरोध बढ़ता देख टीन शेड हटाने आई टीम बिना कार्रवाई किए वापस लौट गई। व्यापारियों का आरोप है कि मंडी परिषद इस 20 साल पुरानी दुग्ध मंडी को हटाकर वहां एक नया मार्केट बनाना चाहती है। उनका कहना है कि यह मंडी आसपास के कई परिवारों की आजीविका का साधन है। व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि वे किसी भी कीमत पर मंडी को हटने नहीं देंगे। घटना की जानकारी मिलते ही समाजवादी पार्टी के कई कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। सपा नेताओं ने दावा किया कि यह मंडी उनकी सरकार के कार्यकाल में स्थापित की गई थी और अब इसे खत्म करने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने व्यापारियों के समर्थन में आंदोलन की चेतावनी दी। दुग्ध व्यापारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि मंडी तोड़ने की कार्रवाई दोबारा की गई तो बड़ा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। इस घटना के बाद इलाके में काफी देर तक तनाव का माहौल बना रहा। बख्शी का तालाब नगर पंचायत चेयरमैन रमेश रावत ने दुग्ध मंडी को तोड़े जाने के प्रयास का विरोध किया। उन्होंने कहा कि उन्हें जानकारी मिली थी कि मंडी में लगे टीन शेड हटाए जा रहे हैं। सूचना मिलने के बाद वह मौके पर पहुंचे, जहां पता चला कि मंडी परिषद के कुछ लोग मंडी को हटाकर वहां अन्य निर्माणि कार्य कराना चाहते हैं। रमेश रावत ने कहा कि यह मंडी सिर्फ स्थानीय व्यापारियों के लिए नहीं, बल्कि विभिन्न समुदायों और तीन जिलों से जुड़े दूध व्यवसायियों और किसानों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां बड़े डेयरी संचालक भी दूध बेचने आते हैं और बड़ी संख्या में किसान अपनी आजीविका के लिए इस मंडी पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में इससे बेहतर कोई दूसरी दुग्ध मंडी नहीं है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में पर्याप्त खाली जमीन मौजूद है, जहां मार्केट या अन्य निर्माणि कराया जा सकता है। चेयरमैन ने यह भी कहा कि उन्होंने मंडी सचिव से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।

## प्रतीक यादव मौत केस में DCP सेंट्रल और मजिस्ट्रेट ने की जांच

**टीवी भारतवर्ष लखनऊ**

समाजवादी पार्टी संस्थापक स्वर्गीय Mulayam Singh Yadav के छोटे बेटे, सपा प्रमुख Akhilesh Yadav के सौतेले भाई और भाजपा नेता Aparna Yadav के पति प्रतीक यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। बुधवार को लखनऊ के विक्रमादित्य मार्ग स्थित आवास पर पुलिस अधिकारियों और मजिस्ट्रेट की टीम पहुंची और करीब दस मिनट तक पूरे घटनास्थल की पड़ताल की। जांच के दौरान पुलिस ने प्रतीक यादव का कमरा सील कर दिया। साथ ही उनका मोबाइल फोन, लैपटॉप, निजी डायरी और अन्य महत्वपूर्ण सामान कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस अब डिजिटल और व्यक्तिगत दस्तावेजों के जरिए मौत से जुड़े हर पहलू की जांच कर रही है। 38 वर्षीय प्रतीक यादव बुधवार सुबह अपने घर में बेहोशी की हालत में मिले थे। उन्हें तुरंत श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार रात प्रतीक यादव घर में अकेले थे। उनकी पत्नी और भाजपा नेता Aparna Yadav उस समय असम दौरे पर थीं। सुबह जब घर के लोगों को उनकी स्थिति का पता चला तो तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। लखनऊ के DCP सेंट्रल विक्रांत वीर और मजिस्ट्रेट भी प्रतीक यादव के आवास पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने करीब दस मिनट तक कमरे और आसपास की स्थिति का निरीक्षण किया। सूत्रों के अनुसार, पुलिस को शुरुआती जांच में कई महत्वपूर्ण चीजें मिली हैं। इसी कारण एहतियातन प्रतीक का कमरा सील कर दिया गया है। पुलिस ने प्रतीक यादव का मोबाइल, लैपटॉप, डायरी और अन्य निजी सामान कब्जे में लेकर फॉरेंसिक जांच शुरू कर दी है।

## लखनऊ में दोपहर अचानक बादल छा गए

**टीवी भारतवर्ष लखनऊ**

लखनऊ में दोपहर 2 बजे के बाद अचानक बादल छा गए। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में धूलभरी आंधी के साथ गरज-चमक का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही तेज बारिश होगी। ओले भी गिर सकते हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जाएगा। मंगलवार को अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 2.7 डिग्री कम था। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.8 डिग्री बढ़ोतरी के साथ 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान विभाग के लखनऊ केंद्र के अनुसार, लखनऊ के साथ कानपुर नगर, कानपुर देहात, उन्नाव, औरैया, बाराबंकी, हरदोई, सीतापुर, बहराइच समेत आसपास के क्षेत्रों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी, गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। कुछ इलाकों में ओले गिरने के साथ 80 किमी प्रति घंटे की स्पीड से हवा के झोंके चल सकते हैं। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने, खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे खड़े न होने की अपील की है।

## प्रतीक यादव की मौत का खुलासा

# फेफड़ों में ब्लड क्लॉट बनने से गई जान

सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेटे प्रतीक यादव की मौत हो चुकी है। इसकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें मौत का असली कारण पता चला है। जो चौंकाने वाला है। डॉक्टरों के अनुसार, प्रतीक यादव की हृदय गति रुक गई थी। साथ ही उनके फेफड़ों की रक्त वाहिकाओं में



खून के थक्के जम गए थे। जिस वजह से उनको सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। इस वजह से उनकी मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, उनके शरीर का रंग पूरी तरह से नीला पड़ चुका है। उनके शरीर का वजन काफी बढ़ गया था। इस वजह से उनके हार्ट और विसरा को सुरक्षित रख दिया गया है। प्रतीक यादव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह पल्मोनरी एम्बोलिज्म सामने आई है। जांच में पता चला कि शरीर में बना खून का थक्का फेफड़ों की धमनियों में जाकर फंस गया था। मेडिकल विशेषज्ञों के अनुसार इस स्थिति को पल्मोनरी एम्बोलिज्म कहा जाता है, जिसमें फेफड़ों तक खून और ऑक्सीजन का प्रवाह अचानक रुक जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, खून का बड़ा क्लॉट फेफड़ों की मुख्य धमनी में पहुंचने से सांस लेने की प्रक्रिया अचानक प्रभावित हुई। ऑक्सीजन की आपूर्ति रुकने से दिल के दाहिने हिस्से पर अत्यधिक दबाव पड़ा और कुछ ही मिनटों में हालत गंभीर हो गई। डॉक्टरों का कहना है कि बड़े क्लॉट की वजह से अचानक सांसें थम गईं, जिससे प्रतीक यादव की मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद परिवार और समर्थकों में शोक का माहौल है। डॉ. रुचिता शर्मा, एसोसिएट डायरेक्टर, विभाग ऑफ मेडिसिन ने बताया कि प्रतीक यादव के निधन की खबर मिली है, जिससे हम सभी बेहद दुखी हैं। वे हमारे यहां लंबे समय से इलाजरत मरीज थे। इस बीमारी में ब्लड क्लॉट फेफड़ों की धमनियों में जाकर रुक जाता है, जिससे हृदय का कार्य प्रभावित हो जाता है। वे सांस फूलने और सांस संबंधी समस्याओं की शिकायत लेकर आए थे, जिसके बाद उन्हें पल्मोनरी एम्बोलिज्म का निदान किया गया। यह स्थिति स्वभाव से ही गंभीर होती है और जानलेवा साबित हो सकती है। प्रतीक यादव ब्लड थिनर दवाओं पर थे और वे अपने बीमारी से पूरी तरह अवगत थे। वे नियमित रूप से अपनी ब्लड प्रेशर की दवाएं लेते थे।डॉक्टर ने आगे बताया कि प्रतीक यादव के निधन से पूरा मेडिकल स्टाफ स्तब्ध है। अस्पताल प्रशासन ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वहीं, सपा नेता व लखनऊ मध्य से विधायक रविदास मल्होत्रा ने कहा कि मैंने डॉक्टरों से बात की और पूछा कि पोस्टमार्टम क्यों किया जा रहा है तो उन्होंने कहा कि जब मौत संदिग्ध होती है तो ऐसा किया जाता है।

# उन्नाव में मौसम का तांडव: रेलवे ट्रैक बाधित, आंधी में किसान और छात्र की मौत

**टीवी भारतवर्ष उन्नाव**

उन्नाव में बुधवार दोपहर आई तेज आंधी और बारिश ने रेल यातायात को बुरी तरह प्रभावित किया। लखनऊ-कानपुर रेल रुट की अपलाइन पर सोनिक रेलवे स्टेशन के पास ओवरहेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) लाइन पर एक पेड़ गिर गया, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और रेल संचालन ठप हो गया। इस घटना के कारण कई महत्वपूर्ण ट्रेनें बीच रास्ते में रोक दी गईं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज आंधी के दौरान रेलवे ट्रैक के किनारे खड़ा एक पेड़ अचानक टूटकर ओएचई लाइन पर जा गिरा। इससे ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और ट्रेनों की आवाजाही तत्काल रोकनी पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारियों और तकनीकी टीमों को मौके पर भेजा गया, जिन्होंने तुरंत मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। रेलवे ट्रैक बाधित होने के कारण लखनऊ से दिल्ली जाने वाली कई प्रमुख ट्रेनें विभिन्न स्टेशनों और आउटर पर खड़ी रहीं। इनमें शताब्दी एक्सप्रेस, वंदे भारत एक्सप्रेस, मेमू पैसेंजर और बांद्रा टर्मिनल साप्ताहिक एक्सप्रेस सहित कई अन्य ट्रेनें शामिल थीं। बताया गया कि कुछ ट्रेनें लगभग दो घंटे तक रुकी रहीं, जिससे यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ा। इसी बीच, कानपुर-रायबरेली रेल मार्ग पर भी ओएचई लाइन टूटने की सूचना मिली है। इस बाधा के कारण उस रुट पर भी ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। एक साथ दो प्रमुख रेल मार्गों पर तकनीकी खराबी आने से रेलवे प्रशासन के



सामने संचालन बहाल करने की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई। ट्रेनों के लंबे समय तक रुके रहने से यात्रियों में बेचैनी और नाराजगी साफ देखी गई। कई यात्री गर्मी और उमस के कारण ट्रेन से उतरकर प्लेटफॉर्म और ट्रैक किनारे टहलते नजर आए। बच्चों और बुजुर्ग यात्रियों को विशेष रूप से अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि तकनीकी टीमें लगातार मरम्मत कार्य में जुटी हुई हैं और जल्द से जल्द ट्रैक को चालू करने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद ही ट्रेनों का संचालन बहाल किया जाएगा ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पेड़ गिरने की घटनाओं में एक बुजुर्ग किसान और एक छात्र की मौत हुई। पहली घटना दही थाना क्षेत्र के शिगुपुर गांव में हुई। यहां 70 वर्षीय राम आश्रय, पुत्र स्वर्गीय महावीर, गांव के बाहर एक आम के पेड़ के नीचे बैठे थे। अचानक तेज आंधी आने से विशाल आम का पेड़ टूटकर उन पर गिर गया। हादसा इतना अचानक हुआ कि आसपास मौजूद लोग उन्हें संभलने का मौका नहीं दे सके। गंभीर रूप से घायल राम आश्रय की मौके पर ही मौत हो गई। वह खेती-किसानी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके दो बेटे रवि और अंजन हैं।दूसरी घटना आसीवन थाना क्षेत्र के उन्नाव-संडीला मार्ग पर स्थित मकबूल खेड़ा गांव में हुई। तेज आंधी के कारण सड़क किनारे लगा एक विशाल यूकेलिप्टस का पेड़ अचानक गिर पड़ा। इसकी चपेट में आने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। हैड्रा मशीन की मदद से पेड़ को हटवाया गया और घायलों को बाहर निकाला गया। उन्हें तत्काल मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

## जमीन लिखवाने में हेराफेरी सूचना पर यूपी-112 पुलिस पहुंची

**टीवी भारतवर्ष उन्नाव**

उन्नाव। छह बिस्वा जमीन खरीदने और उतने का ही रुपया देने के बाद भी कार्यालिय के बाबुओं से मिलीभगत कर छह को 16 बनाकर रजिस्ट्री करा ली। जानकारी होने पर पीड़िता ने शिकायत की तो सोमवार को मंगलवार को दोनों पक्षों को सहायक निबंधक कार्यालिय बुलाया गया। परिसर में बातचीत के दौरान विक्रेता और परिजनों ने खुद को भाजपा नेता बताने वाले खरीदार को पीट दिया। सूचना पर यूपी-112 पुलिस पहुंची और आरोपी को कोतवाली लेकर चली गई। हालांकि कोतवाली प्रभारी ऐसे किसी मामले की तहरीर न मिलने की बात कह रहे हैं। खुद को भाजपा नेता बताने वाला सदर कोतवाली के शिवनगर मोहल्ला निवासी युवक ने परिचित महिला से पांच दिन पहले छह बिस्वा जमीन खरीदी थी। कागजों में हेराफेरी करके छह की बजाय 16 बिस्वा की रजिस्ट्री करा ली। जानकारी होने पर विक्रेता महिला ने सब रजिस्ट्रार कार्यालिय में शिकायत की थी। मंगलवार को अधिकारियों ने दोनों पक्षों को बुलाया था। कार्यालिय परिसर में दोनों पक्ष आमने-सामने हुए तो विवाद होने लगा। इसी दौरान विक्रेता व उसके परिवार के लोगों ने खरीदार व तथाकथित भाजपा नेता को पीट दिया। लोगों का मजमा लग गया। सूचना पर पहुंची डायल 100 की टीम आरोपी को लेकर कोतवाली चली गई। हालांकि बाद में मामले को दबाने और पीड़ित पक्ष से सुलह की कवायद शुरू हो गई। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं है। ऐसी कोई तहरीर भी नहीं आई है। घटना की जानकारी करा रहे हैं। वहीं सहायक निबंधक राजेश कुमार ने कार्यालिय में ऐसी किसी घटना की जानकारी न होने की बात कही। बताया कि बाहर कुछ हुआ हो तो कुछ कह नहीं सकते।



## सिटी स्टेशन रैल पर आरो पानी प्लांट चिलर का शुभारम्भ फीता काटकर सांसद अनुप प्रधान वाल्मीकि जी ने किया

**टीवी भारतवर्ष हाथरस**

रावत शिक्षा समिति दिव्यांग नि शुल्क आवासीय विद्यालय प्रशिक्षण केन्द्र हाथरस के अध्यक्ष संस्थापक डॉ एम एल रावत के आर्थिक सहयोग से हाथरस सिटी रैल स्टेशन पर पानी प्लांट चिलर सहित स्थापित का उद्घाटन शुभारंभ माननीय श्री सांसद अनुप प्रधान सांसद महोदय हाथरस के कर कमलों द्वारा फीता काट एवं दीप प्रज्ज्वलित श्री जे पी भारती ए ई एन मथुरा व विपिन कुमार सारस्वत चीफ कोर्मसियल सुप्रिडेंट हाथरस संस्था अध्यक्ष डॉ एम एल रावत सिटी रैल ने संयुक्त रूप फीता काट दीप प्रज्ज्वलित कर किया उक्त कार्यक्रम ए डी आर एवं ए सी एम् इज्जत नगर अन्य सहयोगी टीम भ्रमण समय जनपद में खारी पानी व सिटी स्टेशन पर पानी की आवश्यकता को देखते हुए समाज सेवियों द्वारा संज्ञान में लाने पर उन के अनुरोध पर रावत शिक्षा समिति दिव्यांग नि शुल्क आवासीय विद्यालय प्रशिक्षण केन्द्र हाथरस के संस्थापक डॉ एम एल रावत को अवगत कराने पर स्वागत करते हुए सहमति प्रदान करते हुए यात्रीयो की आवश्यकता के अनुसार पानी प्लांट व चिलर सहित पांच हजार स्टोक ठंडा पानी व सादा स्थापित किया उक्त उद्घाटन शुभारंभ किया उद्घाटन समारोह में आए सभी अतिथियो का संस्था अध्यक्ष डॉ एम एल रावत व सहयोगी टीम द्वारा सभी अतिथियो का स्वागत सम्मान सांसद महोदय अनुप प्रधान सांसद जी के साथ विवेक गुप्ता मंडल अध्यक्ष दीपक मुदगल दिव्य भारद्वाज विभागिय अधिकारी कर्मचारियों का श्रीं विपिन कुमार सारस्वत चीफ कोर्मसियल सुप्रिडेंट हाथरस सिटी स्टेशन प्रभारी आदि सभी का अंगवस्त्र प्रतिक चिन्ह भेंट कर सम्मानित स्वागत संस्था अध्यक्ष डॉ एम एल रावत राजमाला अध्यक्ष दिव्यांग विकास संगठन दिव्यांग सैना अर्चना शर्मा पीयूष रावत दीपक शर्मा नरेन्द्र शर्मा नलिन कुमार वल्लु कुमार अशोक गोटेवाल आदि ने किया मुख्य अतिथि माननीय श्री अनुप प्रधान सांसद उक्त कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रस्सा करते हुए कहा संस्था अध्यक्ष डॉ एम एल रावत जी जेसे समाज सेवी संस्थाएं देश होने के कारण ही समाज में प्रतिष्ठा सम्मान के पात्र हैं हम सव को तेता प्रसासनिक अधिकारी कर्मचारियों को सम्मान और पुरस्कार सहयो करने की आवश्यकता है जिससे समाज में और भी रावत जैसे व्यक्ति पैदा हो और समाज और गरीब असहायों दिव्यांग को नि शुल्क आवासीय विद्यालय प्रशिक्षण केन्द्र में रखकर सम्पूर्ण सेवा नि शुल्क देना बहुत ही सराहनीय योग्य है इस से बड़ा त्याग हर व्यक्ति नहीं कर सकता यह भगवान की पूजा के समान हैं उपस्थित रिषी शर्मा सिववति विशाल प्रसान्त सानु फरिसाल सपना खुश्बू राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी दुष्यंत पचौरी पिक्की महावीर प्रसाद गौतम एस सी उपाध्याय आर एस सारस्वत सुभाष शर्मा विनिता शर्मा सेकंडों यात्री आदि मौजूद रहे




## सड़क संपर्क व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बिलग्राम-उन्नाव-प्रयागराज मार्ग परियोजना का शुभारंभ

**टीवी भारतवर्ष उन्नाव**

उन्नाव जनपद में सड़क संपर्क व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बिलग्राम-उन्नाव-प्रयागराज मार्ग (राज्य मार्ग संख्या-38) के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने इस परियोजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बिछिया ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता और उनके सुपुत्र प्रखर गुप्ता सहित क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे। यह कार्य बिलग्राम-उन्नाव-प्रयागराज मार्ग के किलोमीटर 11 से 85 तक किया जाएगा। परियोजना का मुख्य उद्देश्य सड़क को सुरक्षित, सुगम और आधुनिक बनाना है, जिससे क्षेत्रीय जनता को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके। शिलान्यास कार्यक्रम में सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार सड़क तथा आधारभूत ढांचे के विकास पर लगातार ध्यान दे रही हैं। उन्होंने जोर दिया कि बेहतर सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं। सड़क के चौड़ीकरण से आवागमन में आसानी होगी और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर बिछिया ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने बताया कि इस मार्ग के चौड़ीकरण की मांग लंबे समय से की जा रही थी, जिसकी स्वीकृति मिलने से जनता में खुशी है। उन्होंने आगे कहा कि बेहतर सड़क से ग्रामीण क्षेत्रों को जिला मुख्यालय और अन्य शहरों से जुड़ने में सुविधा होगी, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी। स्थानीय लोगों ने भी सड़क निर्माण परियोजना पर प्रसन्नता व्यक्त की। उनका कहना है कि मार्ग के चौड़ीकरण से आए दिन लगने वाले जाम और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। इससे भारी वाहनों और यात्रियों को भी बेहतर सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया जाएगा, ताकि लोगों को लंबे समय तक बेहतर सुविधा मिल सके।

## गढ़ेवा गांव में गंगा नदी में नहाते समय एक आठ वर्षीय किशोर की डूबने से मौत

उन्नाव में बारा सगवर थाना क्षेत्र के कर्मी गढ़ेवा गांव में गंगा नदी में नहाते समय एक आठ वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान गढ़ेवा गांव निवासी राकेश रावत के पुत्र गंगा के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि गंगा की उम्र करीब आठ वर्ष थी। बुधवार को परिवार के सदस्य गंगा के पास गंगा किनारे तरबूज और खरबूजे की खेती के काम से खेतों पर गए थे। इसी दौरान मासूम गंगा अचानक लापता हो गया। मृतक के चाचा राजेश ने जानकारी दी कि काफी देर तक बच्चा दिखाई नहीं देने पर परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। खेतों और आसपास के इलाकों में खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने गंगा किनारे तलाश की, जहां पानी के किनारे उसका शव मिला। आशंका जताई जा रही है कि नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही बारा सगवर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।



## मौलाना हसरत मोहानी की पुण्यतिथि,रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की मांग

उन्नाव में बुधवार को महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शायर और पत्रकार मौलाना हसरत मोहानी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौलाना हसरत मोहानी विचार मंच के अध्यक्ष मुर्तजा हैदर रिज़वी ने केंद्र सरकार से उन्नाव रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर "मौलाना हसरत मोहानी स्टेशन" करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह उनके योगदान का उचित सम्मान होगा। रिज़वी ने बताया कि मौलाना हसरत मोहानी ने देश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वे केवल एक महान शायर ही नहीं, बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी योद्धाओं में से एक थे। देश की आजादी के लिए उनके योगदान और कुर्बानियों को देखते हुए यह नामकरण आवश्यक है। उन्होंने देश को "इंकलाब जिंदाबाद" का नारा दिया था, जो आज भी स्वतंत्रता संग्राम की पहचान है। मौलाना मोहानी ने भारतीय संविधान निर्माण प्रक्रिया में भी अहम भूमिका निभाई थी और पूर्ण स्वतंत्रता की मांग सबसे पहले उठाने वालों में शामिल थे। मुर्तजा रिज़वी ने आगे कहा कि हसरत मोहानी स्वदेशी आंदोलन के संस्थापकों में से एक थे। उन्होंने अपने घर से ही स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत की थी और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का संदेश दिया था। उनका जीवन सादगी, त्याग और देशभक्ति का प्रतीक रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि मौलाना हसरत मोहानी धार्मिक सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब के प्रतीक थे। वे भगवान कृष्ण के भक्त थे और हर वर्ष जन्माष्टमी पर वृंदावन जाया करते थे। उनके व्यक्तित्व में भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय एकता की झलक स्पष्ट दिखाई देती थी।

# सपा परिवार में शोक की लहर

# मुलायम सिंह यादव के बेटे प्रतीक यादव का निधन

**सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेटे और अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव का 38 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।उन्हें लखनऊ के सिविल अस्पताल मृत अवस्था में लाया गया, जबकि शुरुआती जानकारी के मुताबिक वह लंबे समय से लंग्स की समस्या से जूझ रहे थे।**





दिवंगत सपा नेता मुलायम सिंह यादव के बेटे प्रतीक यादव का निधन हो गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, प्रतीक यादव को लखनऊ के सिविल अस्पताल में मृत अवस्था में लाया गया। अस्पताल में मौके पर प्रतीक यादव के साले और अपर्णा यादव के भाई अमन बिष्ट मौजूद थे। प्रतीक यादव महज 38 साल के थे और अपनी फिटनेस के प्रति काफी गंभीर रहते थे। उनकी मौत से सपा परिवार में शोक की लहर है। प्रतीक यादव तड़के करीब सुबह चार बजे घर के किचेन में अचेत अवस्था में मिले थे। प्रतीक यादव कुछ समय से बीमार चल रहे थे लेकिन अभी मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। खबर लिखे जाने तक इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है कि प्रतीक यादव की मौत कैसे हुई। इसके पीछे का कारण जल्द ही पता लग जाएगा। फिलहाल तो ये जानकारी मिली है कि वह मृत अवस्था में ही हॉस्पिटल लाए गए थे। सूत्रों के मुताबिक, प्रतीक यादव लंग्स की समस्या से परेशान थे। लंबे समय से उनके लंग्स में क्लॉट था और मेदांता में इलाज चल रहा था। सुबह जब हालात बिगड़े तो वह रिएक्ट नहीं कर रहे थे। इसके बाद तुरंत परिजन, उन्हें लेकर सिविल अस्पताल पहुंचे। प्रतीक यादव का पोस्टमार्टम किया जा चुका है और 4 डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम किया है। पूरे पोस्टमार्टम की वीडियो ग्राफी भी हुई है। प्रतीक यादव, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी साधना गुप्ता के बेटे थे। उनकी पत्नी अपर्णा यादव बीजेपी की नेता हैं और उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं। वे समाजवादी पार्टी के प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के सौतेले भाई थे। प्रतीक यादव, राजनीति से ज्यादा वास्ता नहीं रखते थे बल्कि फिटनेस और बिजनेस उनका पहला प्रेम थे। सोशल मीडिया पर भी वह अपनी फिटनेस से जुड़े फोटो-वीडियो शेयर करते थे और उनकी छवि एक ऐसे व्यक्ति की थी, जो फिटनेस को लेकर दीवाना था। प्रतीक यादव के निधन पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा, "उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पद्म विभूषण स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के पुत्र और उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव का अचानक निधन अत्यंत दुखद है। मेरी ओर से श्रद्धांजलि। दुखद परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं है। मैं भगवान श्री राम से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शाश्वत शांति प्राप्त हो और शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति मिले। ऊं शांति!" घटना के समय उनकी पत्नी और भाजपा नेता अपर्णा यादव असम दौरे पर थीं। पति के निधन की सूचना मिलते ही वह दोपहर में लखनऊ पहुंचीं। उनके आवास पहुंचने से पहले ही डिंपल यादव और शिवपाल सिंह यादव भी पहुंच चुके थे। वहीं, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव सुबह से ही किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद रहे। सूत्रों के मुताबिक, छह डॉक्टरों की टीम की निगरानी में पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि अंतिम संस्कार से पहले प्रतीक यादव के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रखा जा सकता है। इससे उनके चाहने वाले और परिचित उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर सकेंगे। सुबह से ही उनके आवास पर लोगों के जुटने की संभावना है, जिसे देखते हुए व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

## 46 साल पहले दिनदहाड़े हुई हत्या के मामले में चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

प्रयागराज कचहरी परिसर में 46 साल पहले दिनदहाड़े हुई हत्या के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व विधायक विजय मिश्रा समेत चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने चारों को मंगलवार को दोषी करार दिया था। सजा का एलान बुधवार को किया गया। यह आदेश विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार तृतीय की अदालत ने विशेष लोक अभियोजक वीके सिंह, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार वैश्य और सहायक अधिवक्ता संजीव कुमार यादव को सुनकर दिया। कोर्ट ने सभी पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन के अनुसार नवाबगंज के हथिगहां गांव निवासी वादी श्याम नारायण पांडेय ने कर्नलगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोप था कि उनके भाई प्रकाश नारायण पांडेय 11 फरवरी 1980 की दोपहर दीवानी परिसर में एक मामले में जमानत कराने आए थे। परिसर स्थिति वह एक चाय नाश्ते की दुकान पर बैठे थे। तभी पीछे के रास्ते से हंडिया निवासी संतराम, बलराम, जीत नारायण और विजय मिश्रा असलहा लेकर पहुंचे और धमकी देते हुए सीने में गोली मार दी। दिनदहाड़े गोलीबारी से कचहरी परिसर में अफरातफरी मच गई थी। कई घायल भी हुए थे। घायल अवस्था में प्रकाश नारायण पांडेय को पुलिस स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था।

## दो आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत कार्रवाई



गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट ने नोएडा में श्रमिक आंदोलन के दौरान हुए हिंसक प्रदर्शन मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी सत्यम वर्मा और आकृति मजदूर बिगुल दस्ता के सक्रिय सदस्य हैं और हिंसक गतिविधियों में उनकी अहम भूमिका सामने आई है। नोएडा में पिछले दिनों श्रमिक धरना-प्रदर्शन के दौरान हिंसा, आगजनी और अराजकता की घटनाएं हुई थीं। इस संबंध में कमिश्नरेट के विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज किए गए थे। जांच के दौरान पुलिस को ऐसे साक्ष्य मिले, जिनसे पता चला कि दोनों आरोपियों ने लोगों को भड़काने, भीड़ जुटाने और लोक व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास किया। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से अफवाहें फैलाकर माहौल खराब करने की कोशिश की गई थी। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने स्पष्ट किया है कि जिले में शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले किसी भी असामाजिक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। कमिश्नरेट ने कहा कि जनसुरक्षा, कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बता दें कि नोएडा में प्रदर्शन के बाद सरकार ने गौतमबुद्ध नगर और गाज़ियाबाद के मज़दूरों के लिए अंतरिम न्यूनतम मज़दूरी में लगभग 21 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। नोएडा और गाज़ियाबाद में अकुशल मज़दूरों के लिए अंतरिम मज़दूरी 11,313 रुपये से बढ़ाकर 13,690 रुपये, अर्ध-कुशल मज़दूरों के लिए 12,445 रुपये से बढ़ाकर 15,059 रुपये और कुशल मज़दूरों के लिए 13,940 रुपये से बढ़ाकर 16,868 रुपये कर दी गई थी। ये अंतरिम दरें 1 अप्रैल से लागू हैं। प्रदेश के जिन ज़िलों में नगर निगम हैं, वहां अकुशल मज़दूरों की मासिक मज़दूरी बढ़ाकर 13,006 रुपये, अर्ध-कुशल मज़दूरों की 14,306 रुपये और कुशल मज़दूरों की 16,025 रुपये कर दी गई है।

## जीजा ने गोली मारकर अपनी साली की हत्या कर दी

कुशीनगर में एक सनसनीखेज घटना हुई है। यहां तमकुहीराज थाना क्षेत्र के बसडीला गांव में जीजा ने गोली मारकर अपनी साली की हत्या कर दी। इसके बाद खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज सुनते ही परिजन मौके पर पहुंचे तो जीजा-साली खून से सने जमीन पर पड़े थे। परिजनों के मुताबिक, वारदात को अंजाम देने वाला जीजा आज सुबह बिहार के गोपालगंज से अपने ससुराल आया था। आरोपी जीजा ने साली को बात करने के बहाने कमरे में बुलाया, जब तक वह कुछ समझती तभी उसने दरवाजा बंद कर लिया और अचानक साली के कनपटी पर तमंचा सटाकर फायर कर दिया। साली की हत्या इसके बाद उसने खुद भी कनपटी पर सटाकर गोली मार ली, युवक बिहार के कुचायकोट के धर्मचक गांव का रहने वाला था। अभी 9 महीने पहले उसकी शादी हुई थी, फिलहाल चर्चाओं का बाजार गर्म है। जानकारी के मुताबिक, कुशीनगर जिले के तमकुहीराज थाना क्षेत्र के बसडिला बुजुर्ग गांव के शंभू प्रजापति ने अपनी बड़ी बेटी की शादी 9 महीने पहले बिहार के गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के धर्मचक गांव निवासी जितेंद्र प्रजापति से की थी। परिजनों ने बताया कि सुबह जितेंद्र करीब सात बजे अकेले ही ससुराल आया था। नाश्ता-पानी करने के बाद सुबह करीब 8:00 बजे उसने अपनी साली नैना से बातचीत के बहाने कमरे में बुलाया और अंदर से कुंडी लगा ली। कुछ देर बाद उसने साली की कनपटी पर तमंचा सटाकर गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर घर के लोग दौड़कर पहुंचे। कमरा खोलने की कोशिश की, लेकिन कमरा अंदर से बंद था। तभी एक और गोली की आवाज सुनाई दी। खिड़की से झांक कर देखा तो दोनों के शव फर्श पर पड़े हुए थे, दोनों के सिर लहूलुहान थे। घटना की सूचना मिलते ही तमकुहीराज थाना प्रभारी गिरजेश उपाध्याय मौके पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। SDM तमकुहीराज आकांक्षा मिश्रा और CO जयंत यादव भी घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद दरवाजा तोड़कर दोनों शवों को बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। CO जयंत यादव ने बताया कि बसडीला बुजुर्ग गांव में युवक ने अपनी साली की हत्याकर खुद सुसाइड कर लिया है। मौके से तमंचा बरामद किया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

